हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 259 देहरादून, सोमवार, 10 अप्रैल, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




जोशीमठ में दो दिवसीय औली मैराथन प्रतियोगिता हुई आयोजित 3

# राज्य हित में कठिन निर्णय लेने का साहस किया : मुख्यमंत्री

## बुजुर्ग कार्यकर्ताओं से मिलती है राष्ट्र सेवा तथा राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





- बुजुर्ग कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित
- संगोष्ठी में वक्ताओं ने युवा मुख्यमंत्री द्वारा राज्य हित में लिये जा रहे निणयों की की सराहना
- मुख्यमंत्री के निर्णयों को बताया अन्य राज्यों को प्रेरणा देने वाला

देहरादून , 10 अप्रैल , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमें अपने बुजुर्ग कार्यकर्ताओं से राष्ट्र सेवा एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है। हमारे इन महान कार्यकताओं के अथक परिश्रम के बल पर आज भारत ही नही विश्व का बडा संगठन खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह हमारे वरिष्ठ लोगों के प्रताप का फल है कि आज उन जैसा सामान्य कार्यकर्ता उत्तराखण्ड़ के मुख्य सेवक के रूप में कार्य कर रहा है।

भाजपा द्वारा आयोजित विचार यात्रा संगोष्ठी में सांसद नरेश बंसल, भाजपा अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, विधायक खजान दास आदि ने भी सम्बोधित कर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को युवा मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा राज्य हित में लिये जा रहे निर्णयों की जमकर सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यों को अन्य राज्यों के लिये भी प्रेरणादायी बताया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 101 बुजुर्ग कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनका आर्शीवाद लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी व स्व. पं.दीनदयाल उपाध्याय का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने 'राष्ट्रवाद' और 'अंत्योदय' को परम कर्तव्य मानने का विचार हमें दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कश्मीर को भारत से अलग मानने के भी घोर खिलाफ थे और उन्होंने पहले दिन से ही धारा-370 का विरोध किया था। जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाने हेतु उन्होंने नारा भी बुलंद किया और कहा कि "एक देश में दो निशान, दो प्रधान दो विधान नहीं चलेंगे"

आज उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को समाप्त करने का महान कार्य किया है। जनसंघ के माध्यम से ही देश को स्व. पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के रूप में एक महान विचारक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता भी प्राप्त हुए। उनके द्वारा दिया गया 'अंत्योदय' और 'एकात्म मानववाद' का सिद्धांत आज भी मानवीय विकास का सबसे उपयुक्त विचार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जब पार्टी के प्रथम अधिवेशन में - 'अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा' कहा तो उसी क्षण यह तय हो गया था कि यही दल भविष्य में ष्एक नए भारतष का निर्माण सुनिश्चित करेगा। आज अटल जी के ये शब्द पूर्ण रूप से सत्य साबित हुए हैं और देश के एक बड़े भाग पर जन-संतुष्टि रुपी कमल खिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम भारत के इकलौते ऐसे राजनीतिक दल हैं जो हर स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास रखता है। ये जनसंघ या भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि एक सामान्य सा कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद को प्राप्त कर पाता है और एक गरीब परिवार से आने वाला सामान्य कार्यकर्ता प्रधान सेवक या मुख्य सेवक बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा ने वोट बैंक की राजनीति को टक्कर देने का साहस किया और इसके नुकसान देश को समझाने में सफलता प्राप्त की। वोट बैंक की राजनीति को दरकिनार करते हुए हमारी सरकारों द्वारा किए गए विकास कार्यों के कारण ही आज हमें प्रत्येक क्षेत्र में जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। आज दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, किसानों, नौजवानों के साथ ही जिस तरह महिलाएं हमारे पक्ष में मजबूती से खड़ी हुई हैं, वो अपने आप में एक नए युग के प्रारंभ होने का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हमारे लिए राजनीति और राष्ट्रनीति साथ-साथ चलते हैं। हम राजनीति से राष्ट्रनीति को अलग करके चलने वाले लोग नहीं हैं। देश में अब वो दिन दूर नहीं जब केवल राष्ट्रभक्ति ही राजनीति की प्रथम आवश्यकता होगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक पद्धतियों का समूचे विश्व में मान बढ़ रहा है। यह हमारा सौभाग्य है कि आज हम सभी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश में किए जा रहे महान कार्यों के साक्षी हैं। चाहे वो कश्मीर से धारा 370 हटाना हो, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, तीन तलाक की समस्या का समाधान हो या फिर उत्तर पूर्व के प्रदेशों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने का महान कार्य हो, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज हम सभी एक नए भारत, समृद्ध भारत और शक्तिशाली भारत के अपने सपने को पूरा होते हुए देख पा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज जिस प्रकार भारत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और एक मजबूत अर्थव्यवस्था, नॉलेज बेस्ड इकॉनोमी, समृद्ध लोकतंत्र, वैश्विक मंच पर शांतिदूत तथा मानवता के प्रयासों में अग्रदूत के रूप में स्थापित हुआ है उसी प्रकार उनकी अध्यक्षता में जी-20 समूह भी अपने महान उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के स्वप्न को साकार करने हेतु उत्तराखंड की डबल इंजन की सरकार निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार के 'सर्वश्रेष्ठ उत्तराखण्ड' निर्माण के अपने 'विकल्प रहित संकल्प' से 21वी सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के लिये प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने चुनावों से पहले समान नागरिक संहिता का वायदा किया था और जनता जनार्दन से हमें भरपूर आशीर्वाद भी मिला। समान नागरिक संहिता के लिये गठित समिति जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों, संस्थाओं, आमजन आदि से सुझाव लेकर ड्राफ्ट तैयार कर रही है।

हमें खुशी है कि समान नागरिक संहिता के लिये हमें देखकर दूसरे राज्य भी आगे आ रहे हैं। जैसे ही समिति अपना ड्राफ्ट बनाकर सौंपेगी हम उस पर कानून बनाकर आगे बढ़ाया प्रलोभन से धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने के लिये हमारी सरकार ने सख्त धर्मांतरण कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून में 10 वर्ष की सजा तथा नकल माफिया की संपत्ति को जब्त करने का प्रावधान किया गया है, नकल में सम्मिलित कई लोगों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। छात्रों के व्यापक हित में उन पर दर्ज मुकदमों को राज्य सरकार द्वारा वापस लिया गया है ताकि उनका भविष्य खराब न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने भी कुछ दिन पूर्व ही अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण किए हैं। इस एक वर्ष के दौरान, हमने हर क्षण यह प्रयास किया है कि प्रदेश के सामने जो भी चुनौतियां हैं उन सभी का समाधान निकाला जाए और राज्य को विकास की राह पर आगे बढ़ाया जाए। यही कारण है कि जनता से हमें आज पूरा समर्थन मिल रहा है और इस एक वर्ष के दौरान हमने जनता के विश्वास को और भी अधिक सुदृढ़ किया है। उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने का जो विकल्प रहित संकल्प लेकर हम चल रहे हैं उसके बहुत से पड़ाव पार करने अभी बाकी हैं। इस एक वर्ष में हमने नए उत्तराखण्ड निर्माण के संकल्प को ध्यान में रखते हुए दिन - रात कार्य करने का प्रयास किया है। इस एक वर्ष के दौरान हमने जनता से किए अपने वादों को या तो पूरा किया है या फिर उन्हें पूरा करने कि दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर देने हों, प्रदेश की महिलाओं के लिये क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को लागू करना हो, नई शिक्षा नीति लागू करना हो, नई खेल नीति लागू करना हो, राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देना हो या फिर लैंड जेहाद जैसे मुद्दों पर खुलकर बात करना हो.. हमने इन सभी कठिन परंतु राज्य के लिए आवश्यक कार्यों को अपने छोटे से कार्यकाल में कर दिखाने का साहस किया है। हमारे लिए प्रदेश और प्रदेश के हित सर्वोपरि हैं और जब तक हमारी सरकार है, हम किसी भी वर्ग का अहित नहीं होने देंगे।

इस अवसर पर जिन्हें सम्मानित किया गया उनमें श्रीमती सत्यवती घोष, श्रीमती दीपा शाह, देवप्रकाश नरेंद्र मित्तल, विनोद भल्ला, हरिओम ओमी, श्रीमती सुशीला बलूनी, योगेन्द्र कोहली, प्रभाकर उनियाल, चमन लाल वाल्मिकी, रूप सिंह कठैत, विजय श्रेय, सूरज भाटिया, विनोद शर्मा, रविन्द्रनाथ कौशिक आदि प्रमुख थे।



## केंद्रीय सडक़ परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल वी.के. सिंह ने की सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में केंद्रीय सडक़ परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह (से.नि.) ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य से संबंधित विभिन्न समसामयिक विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की।

## श्रीनगर में जल्द तैयार होगा अत्याधुनिक सुविधाओं वाला हेलीपोर्ट

श्रीनगर गढ़वाल। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने डैम साइट कोटेश्वर स्थित हेलपैड के विस्तार कर उसे हेलीपोर्ट के रूप में विकसित करने के कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 5.50 करोड़ की लागत से बनने वाले हेलीपोर्ट में अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। कहा हेलीपोर्ट बन जाने से चारधाम यात्रा और स्वास्थ्य की दृष्टि से लोगों को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। इससे पूर्व डा.रावत ने मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम में प्रतिभाग नशा मुक्ति के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य को नशा मुक्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इसके अलावा उन्होंने श्रीकोट में 33 केवी विद्युत हाईटेंशन लाइन के भूमिगत कार्य का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे लोगों को अब निजात मिल जाएगी। उन्होंने मेडिकल कांलेज के गेस्ट हाउस में श्रीनगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक भी की।

# कर लें तैयारी : हर तरह की मौज मस्ती है उत्तराखण्ड की इस खूबसूरत जगह पर

न्यूज वायरस नेटवर्क

वीकेंड मस्ती ख़ोरों के लिए हर हफ़्ते मस्ती के दिन का इंतज़ार रहता है ख़ास तौर से दिल्ली के आसपास रहने वालों की घूमने-फिरने की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। जिसमें टॉप पर रहता है उत्तराखंड कोई शक नहीं ये जगह बेहद खूबसूरत हैऔर घूमने वाली जगहों की तो यहां कमी ही नहीं। लेकिन बजट और दिनों को देखते हुए ज्यादातर लोग मसूरी, नैनीताल तक का ही प्लान बनाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं वीकेंड मस्ती के लिए यहां एक और जगह है, जो बजट में होने के साथ ही मौज-मस्ती के लिहाज से भी बेस्ट है? ये जगह है नई टिहरी।

न्यू टिहरी, उत्तराखंड की एक बेहद खूबसूरत जगह है। जो खासतौर से अपने टिहरी बांध के लिए मशहूर है। इसकी गिनती दुनिया के चुनिंदा सबसे ऊंचे बांधों में होती है। तो क्यों न इस बार उत्तराखंड के इस डेस्टिनेशन को वीकेंड में एक्सप्लोर करने का प्लान बनाएं। यहां आकर आप रिवर-राफ्टिंग, ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज के भी मजे ले सकते हैं। गर्मियों के लिए तो ये बहुत ही शानदार जगह है।

**टिहरी में लें मालदीव्स के मजे**

मालदीव्स के बारे में सोचकर जो सबसे पहली इमेज नजर आती है वो है पानी में तैरते





हट्स। तो टिहरी आकर आपको ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिलेगा। टिहरी झील में एक फ्लोटिंग हाउस है, पहाड़ों से घिरे इस फ्लोटिंग हाउस में ठहरने का एक्सपीरियंस ही अलग होता है। गंगा और भागीरथी नदी के ऊपर बने ये फ्लोटिंग हट्स मालदीव्स के फ्लोट्स हट जैसे ही नजर आते हैं। सबसे अच्छी बात कि यहां रूकने के साथ ही आप बोटिंग, बनाना राइड और पैरासेलिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज के भी मजे ले सकते हैं।

**टिहरी में अन्य घूमने वाली जगहें**

**टिहरी बांध :** नेचर लवर्स से लेकर फोटोग्राफी तक के शौकीनों के लिए टिहरी बांध एक शानदार जगह है। जहां आकर आप अपने पूरे दिन को एंजॉय कर सकते हैं। टिहरी बांध एशिया का सबसे बड़ा और सबसे ऊंचा बांध है जिसकी खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं ऊंचे-ऊंचे पहाड़।

**धनौल्टी :** धनौल्टी भी उत्तराखंड का एक मशहूर हिल स्टेशन है। टिहरी आएं तो इस जगह को भी कवर करें। यहां से आप बर्फ से ढ़के हिमालय का दीदार कर सकते हैं। गर्मियों में यहां का मौसम बेहद सुहावना होता है।

**चंबा :** नई टिहरी के पास एक और जो खूबसूरत और घूमने लायक जगह है वो है चंबा। चारों ओर हरी-भरी पहाड़ियों से घिरी इस जगह आकर आप दोस्तों या पार्टनर के साथ क्वॉलिटी टाइम बिता सकते हैं।

**कैसे पहुंचे टिहरी ?**

By Air- देहरादून में जॉली ग्रांट हवाई अड्डा टिहरी के लिए सबसे नजदीक हवाई अड्डा है। हवाई अड्डा 86 किमी दूर है जहां से आपको आसानी से कैब मिल जाएगी।

By Train- टिहरी गढ़वाल से 71 किमी की दूरी पर स्थित नजदीक रेलवे स्टेशन हरिद्वार में है।

By Road- टिहरी गढ़वाल तक के लिए नार्मल और लग्जरी बसें भी उपलब्ध हैं।

# मक्खियों की वजह से टूटने लगी है शादियां !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 7 अप्रैल , मीडिया में इन दिनों उत्तर प्रदेश का एक गाँव सुर्ख़ियों में है। यूँ तो समस्या पुरानी है लेकिन जब समस्या मीडिया के जरिये सामने आती है तो सरकार और समाज को इसकी खबर लगती है। बात हरदोई की है जहां के कई गांव इस अजीबो-गरीब समस्यां से परेशान है। इस क्षेत्र में अब बहुएं ससुराल नहीं आ रही हैं. क्षेत्र में मक्खी एक विकट समस्या के रूप में बनी हुई है. यहां की आबादी मक्खियों के कारण मानसिक विक्षिप्त जैसी समस्याओं से जूझ रही है. गांव के अंदर पहुंचते ही यहां की महिलाएं और पुरुष चारों तरफ मक्खियों की बड़ी समस्या होने की बात कहते हुए दिखाई पड़ रहे हैं और यह हालात कई सालों से एक जैसे ही है.




उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में करीब आधा दर्जन से ज्यादा गांव मक्खियों के आतंक से परेशान है. अब मक्खियों का आतंक कुछ इस कदर बढ़ गया है कि इन गांव में कोई भी अपनी बेटी की शादी तक नहीं करना चाहता है और जिनकी शादियां हो गई हैं उनकी पत्नियां अब अपनी ससुराल में वापस आना नहीं चाह रही है. वैसे एक-दो परिवार नहीं बल्कि दर्जनों मामले अब चर्चा का विषय बने हुए हैं

मक्खियों का आतंक कुछ इस कदर बढ़ा हुआ है कि दिन में भी लोग मच्छरदानी लगाकर रोजमर्रा के कार्य कर रहे हैं. इस विकट समस्या को लेकर कई बार किसान यूनियन ने धरना प्रदर्शन कर रोड जाम तक किया है. यहां तक की मक्खियों के आतंक से निजात पाने के लिए लोग जेल तक जा चुके हैं. वहीं क्षेत्रीय लोग मक्खियों के आतंक की वजह एक बड़े पोल्ट्री फार्म को मान रहे हैं.

हरदोई के अहिरोरी ब्लाक के बढ़ईयनपुरवा समेत सात गांव में मक्खियों के आतंक से करीब 22 हजार से ज्यादा आबादी प्रभावित है. क्षेत्रीय किसान नेता रामखेलावन ने बताया कि मक्खियों की मुख्य वजह क्षेत्र में बना पोल्ट्री फार्म और उसकी गंदगी है.आरोप यह है कि पोल्ट्री फार्म के लोग मृत मुर्गियों और उनकी गंदगी को खुले में डाल रहे हैं, जिससे गंदगी दुर्गंध होने के कारण बड़ी संख्या में मक्खियां उत्पन्न हो रही हैं और वह क्षेत्र के आधा दर्जन से ज्यादा गांवों के लोगों को प्रभावित कर रही हैं.



## संक्षिप्त खबरें

### पछुवादून के 33केंद्रों पर हुई वन आरक्षी भर्ती परीक्षा

विकासनगर। पछुवादून में वन आरक्षी भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। यहां कुल 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। एसडीएम, सीओ और शहर कोतवाल प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। दो पालियों में परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। भर्ती परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक के मामले सामने आने के बाद पछुवादून में पहली भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर शनिवार शाम को ही पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए थे। प्रत्येक केंद्र पर परीक्षा से पहले प्रशासन के आला अधिकारियों ने गहन जांच पड़ताल की। कुल 33 परीक्षा केंद्रों में पांच हजार के करीब अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे। विकासनगर मुख्य शहर में ही दस परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### गोल्डन कार्ड में पेंशनर्स को हर साल विकल्प बदलने की सुविधा दी जाए

विकासनगर। सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन उत्तराखंड की रविवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरबर्टपुर में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सभी पद्धतियों से होने वाले उपचार पर प्रतिपूर्ति भुगतान की सुविधा दिए जाने को लेकर सरकार का आभार जताया। संगठन के सचिव अमर सिंह खुर्चयाल ने कहा कि पेंशनरों को सबसे अधिक दिक्कत चिकित्सा प्रतिपूर्ति और बिलों के भुगतान को लेकर आती है। हालांकि सरकार ने अब एलोपैथी के साथ ही आयुर्वेदिक और होम्योपैथी पद्धति से उपचार कराने वाले पेंशनर्स को भी प्रतिपूर्ति की सुविधा दे दी है, लेकिन बिलों के भुगतान में हो रही देरी अभी भी समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि गोल्डन कार्ड योजना के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों से सेवारत कर्मचारियों की अपेक्षा पचास प्रतिशत की वसूली जानी चाहिए, जबकि पारिवारिक पेंशन का लाभ लेने पर इसे तीस प्रतिशत कर दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही गोल्डन कार्ड योजना के लिए एक बार विकल्प मांगने के बजाय प्रत्येक साल पेंशनर्स को अपना विकल्प बदलने की सुविधा दी जाना चाहिए, जिससे वो अपनी जरूरत के अनुसार विकल्प चुन सके।

### जिला लीग पर हल्द्वानी क्रिकेट क्लब का कब्जा

हल्द्वानी। नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की जिला लीग का खिताब हल्द्वानी क्रिकेट क्लब ने जीत लिया है। फाइनल में हल्द्वानी क्लब ने हल्द्वानी कोल्ट्स को 90 रनों से हराया। कमलुवागांजा में रविवार को खेले गए मुकाबले में हल्द्वानी क्रिकेट क्लब ने 49 ओवर में 174 रन बनाए। रणजी खिलाड़ी सौरभ रावत ने 63 रन और कुशाग्र मेलकानी ने 64 रन बनाए। गेंदबाजी में रणजी खिलाड़ी मयंक मिश्रा ने 10 ओवर में 17 रन देकर 5 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हल्द्वानी कोल्ट्स क्लब की टीम 30 ओवर में 84 रन बनाकर आउट हो गई। अंपायरिंग विजय आर्या, जितेंद्र सिंह व स्कोरिंग नीरज पनेरू और रवींद्र ने की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कपकोट ललित फर्स्वाण और विशिष्ट अतिथि एसडीएम हल्द्वानी मनीष कुमार सिंह ने विजेता-उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। यहां क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, डॉ. संजय जुयाल, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, लीला कांडपाल, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिकारी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, विनोद वर्मा, आनंद बिष्ट, मनोज भट्ट, जगमोहन बगडवाल, ब्रजेश बिष्ट, गिरीश मेलकानी, निश्चल जोशी, संजय चौधरी, पंकज गुरुरानी, दान सिंह कन्याल, महेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# जोशीमठ में दो दिवसीय औली मैराथन प्रतियोगिता हुई आयोजित





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

■ देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक एथलीट्स ने लिया हिस्सा

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन**

औली , 10 अप्रैल , उत्तराखंड स्की माउंटेनियरिंग एसोसिएशन एवं स्काई रनिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में जोशीमठ में राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय मैराथन प्रतियोगिता आयोजित हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ नरसिंह एवं नव दुर्गा मंदिर प्रांगण से मैराथन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को जोशीमठ औली में मैराथन सहित अन्य साहसिक और रोमांचक खेल प्रारंभ होने पर हार्दिक बधाई एंव शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जोशीमठ औली से हिमालयन मैराथन, फन रेस सहित अन्य खेलों का शुभारंभ होना हमारे लिए गौरव की बात है। हम लगातार उत्तराखंड में ऐसे कार्य, धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे यहां के पर्यटन को और अधिक बढ़ावा मिले।

उन्होंने जोशीमठ में इस भव्य आयोजन के लिए सभी आयोजकों एवं इसमें भाग लेने वाले देश विदेश के सभी खिलाड़ियों को भी ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के शुरुआती दिनों में जोशीमठ को लेकर जो भय का माहौल बनाया जा रहा था, आज सब सामान्य है। सरकार ने इस स्थिति से उभरने के लिए सकारात्मक काम किए हैं। इसी का परिणाम है कि 22 अप्रैल से शुरू होने वाली हमारी चारधाम यात्रा के लिए 11.30 लाख से अधिक पंजीकृत हो चुके हैं। उन्होंने कहा इस बार पिछले वर्षों से अधिक संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड के तीर्थ धाम में दर्शन के लिए पहुंचेंगे और पिछले वर्षों के सारे रिकॉर्ड पीछे छूट जाएंगे।

जोशीमठ में आयोजित मैराथन के माध्यम से मुख्यमंत्री ने देश-विदेश के पर्यटकों को संदेश देते हुए आश्वस्त किया कि औली और जोशीमठ पूरी तरह से सुरक्षित है और चार धाम यात्रा के लिए तैयार है। जोशीमठ में आयोजित यह भव्य मैराथन इसका प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष बर्फ ना गिरने के कारण औली में विंटर गेम नहीं हो सके, लेकिन आज जोशीमठ में मैराथन के भव्य आयोजन के बाद सभी काम अच्छे होंगे। चारों धामों की पवित्र यात्रा शुरू होने जा रही है। देवभूमि उत्तराखंड सभी तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है।स्की माउंटेनियरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय भट्ट ने कहा कि औली मैराथन के अंतर्गत स्काई रनिंग और स्काई अल्ट्रा रेस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक एथलीट प्रतिभाग कर रहे हैं। जोशीमठ क्षेत्र के विद्यालय एवं ग्राम सभाओं के लोग भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं।



उन्होंने कहा कि इस बार जनवरी माह में जोशीमठ आपदा और औली में कम बर्फबारी के कारण विंटर गेम्स का आयोजन संभव न होने से पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हुआ है। सुरक्षित जोशीमठ का संदेश पहुंचाने और पर्यटन व्यवसाय को उभारने के लिए औली मैराथन का आयोजन किया जा रहा है।औली मैराथन के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, बीजेपी के जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, जोशीमठ नगर पंचायत अध्यक्ष शैलेन्द्र पंवार, ब्लाक प्रमुख हरीश पंवार, गोपेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, कर्णप्रयाग नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, स्थानीय जन प्रतिनिधि विनोद कपरवान, ऋषि प्रसाद सती,नितेश चौहान, माधव प्रसाद सेमवाल, रिपुदमन सिंह रावत, अतुल शाह, रोहणी रावत, जगदंबा प्रसाद उनियाल आदि सहित जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल, सीडीओ डा.ललित नारायण मिश्र एवं अन्य अधिकारी व बडी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद थी।

# चार धाम की तैयारी आधी अधूरी : यशपाल आर्य

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 10 अप्रैल , नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि , चारधाम यात्रा के शुरू होने केवल 15 दिन शेष बचे हैं लेकिन यात्रा मार्गों में इंतजाम अभी तक भी पूरे नही हो पाए हैं । उन्होंने कहा कि , अभी भी सरकार यह तय नही कर पाई है कि यात्रियों के रजिस्ट्रेशन की कौन सी प्रक्रिया लागू हो इसलिए यात्रा में अनिश्चितता का माहौल हो गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, चारधाम यात्रा में राज्य सरकार द्वारा यात्रियों की संख्या सीमित करने व बिना ऑनलाइन पंजीकरण के यात्रा न करने देने के फरमान से तीर्थ पुरोहितों व चारधाम यात्रा से जुड़े व्यवसायी साथियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि , पुरातन समय से चल रही यात्रा पर सरकार की इस नीति से दूरगामी दुष्प्रभाव पड़ेगा ।

यशपाल आर्य ने कहा कि , देश मे कही भी किसी भी तीर्थ स्थान और धाम में यात्रियों की संख्या का निर्धारण नही किया गया है लेकिन उत्तराखंड की चार धाम यात्रा में यह किया गया है। । उन्होंने कहा कि , इस बार सरकार ने सदियों से चली आ रही चार धाम यात्रा को सीमित करने के लिये अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाए है। जिससे यात्रा की परंपरा तो प्रभावित होगी ही आजीविका पर भी विपरीत प्रभावित होगी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , सरकार को ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन पंजीयन की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि , उत्तराखंड 12 - 13 की प्राकृतिक एवं कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से बाहर निकला है। इसलिए उनके घावों पर मरहम लगाने के बजाय सरकार यहां के हक-हकूक धारी , पण्डा समाज , पर्यटन तथा होटल व्यवसाय से



जुड़े लोगों के हितों पर कुठाराघात कर रही है । चार धामों की यात्रा मार्ग पर स्थित होटल ,वाहन , रेस्टोरेंट तथा अन्य व्यवसायी लोगों के व्यवसाय यहाँ के लोगों के रोजगार नहीं अपितु उनकी आजीविका है।

यशपाल आर्य ने कहा कि , उत्तराखण्ड के युवा कर्जा लेकर प्राकृतिक आपदा तथा वैश्विक आपदा के पश्चात स्वयं को पुनर्स्थापित करने का का प्रयास कर रहे हैं लेकिन सरकार उन्हें मदद नही कर रही है। उन्होंने कहा कि , सरकार को अतिशीध्र उत्तराखंड के प्रमुख चार धाम यात्रा से जुड़े सभी जनमानस, व्यवसायी गण , तीर्थ पुरोहित समाज की आवाज एवं सुझाव एवं भावनाओ के अनुरूप सार्थक निर्णय लेने की आवश्यकता है।

# कांग्रेस का लक्ष्य एक परिवार को उसके कारनामों से बचाना: सांसद

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी हरबर्टपुर मंडल की बैठक रविवार को हरबर्टपुर स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में शिरकत कर रही सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने कांग्रेस पर तीखे तंज कसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य सिर्फ एक परिवार को उसके किए गए घोटालों और अन्य कारनामों से बचाना है। सांसद ने कहा कि देश भर की जनता अपने जीवन स्तर में आ रहे सुधार, देश की बढ़ती साख और सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण के लिए मोदी सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों से खुश है। लिहाजा जनता 2024 में भी भाजपा की सरकार को सत्ता सौंपकर देश का विकास चाहती है, लेकिन कांग्रेस के सामने देश के विकास के बजाय एक परिवार की रक्षा करना मुख्य लक्ष्य है। कांग्रेस देश की सत्ता विकास के लिए नहीं बल्कि परिवार को बचाने के लिए चाहती है। उन्होंने कहा कि वंशवाद की राजनीति लोकतंत्र के लिए हमेशा खतरा साबित होती है। विधायक मुन्ना चौहान ने कहा कि आजादी के बाद से एक ऐसे परिवार ने देश की सत्ता को संभाले रखा जिसने जनता के संसाधनों का उपयोग सिर्फ अपने हित में किया। जिस परिवार ने देश में लोकतंत्र का गला घोंट कर आपातकाल लागू किया। इस परिवार की मनमानी और अहंकार से सिर्फ आम जनता ही बल्कि कांग्रेस पार्टी को संबल देने वाले लोग भी परेशान हो चुके हैं। इसीलिए कांग्रेस में जो राष्ट्रभक्त हैं, वो भाजपा में शामिल हो रहे हैं। दक्षिण भारत में भी भाजपा को राष्ट्र के प्रति समर्पित कई बड़े नामों का साथ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की असलियत जानने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है। विकासनगर विधान सभा में ही कांग्रेस के विकास के दावों की पोल खुल जाती है। जितने कार्य कांग्रेस ने दस साल में नहीं कराए उससे दस गुना अधिक विकास कार्य बीते छह साल में हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं और नव नियुक्त मंडल पदाधिकारियों को जनता के बीच जाकर लोक सभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने को कहा। बैठक महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कृष्णा तोमर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन जिला महामंत्री विनोद कश्यप ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मीता सिंह, मंडल अध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरू देवी, ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह, जिला महामंत्री अमित डबराल आदि मौजूद रहे।

# अब चैट पर आपको मिलेगा ज्यादा कंट्रोल, बदलने वाला है ये मैसेज फीचर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

07 अप्रैल : अब चैट पर यूजर्स को ज्यादा कंट्रोल मिलेगा. इसके अलावा वॉट्सऐप पर डिसअपीयरिंग मैसेज फीचर का टाइम पीरियड बदल जाएगा. इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप ने यूजर्स की सुविधा के लिए कुछ साल पहले डिसअपीयरिंग मैसेज फीचर पेश किया था. अब इसमें यूजर्स की प्राइवेसी के लिए और ज्यादा ऑप्शन जोड़े जाएंगे. ऑप्शनल फीचर सेट पीरियड के बाद ऑटोमेटिक हटाए जाने के लिए चैट में मैसेज को लंबे समय के लिए सेट करने की अनुमति देता है. अब चैट पर ज्यादा कंट्रोल देते हुए, मेटा-स्वामित्व वाला प्लेटफॉर्म डिसअपीयर्ड होने वाले मैसेज फीचर के लिए एक नया अपडेट जारी कर रहा है जो सिलेक्ट मैसेज को रिपेयर होने से रोक सकेगा.

नया फीचर अपडेट यूजर्स को मैसेज को उनके चैट हिस्ट्री से ऑटोमेटिक हटने से रोकने में मदद करेगा. इससे यूजर्स को अपनी कन्वर्सेशन पर ज्यादा कंट्रोल मिलेगा. वैबेटाइन्फो के अनुसार, प्लेटफॉर्म एंड्रॉयड 2.23.4.18 अपडेट के लिए वॉट्सऐप बीटा के साथ कुछ एंड्रॉयड बीटा टेस्टर के लिए मैसेज को रिपेयर होने से बचाने की एबिलिटी जारी कर रहा है.





**वाट्सएप स्पेयर फीचर**

फीचर अपडेट स्पेयर होने वाली चैट विंडो में एक नया बुकमार्क आइकन जोड़ता है जो यूजर्स को कुछ मैसेज को सिलेक्ट और बुकमार्क करने देगा जिन मैसेज को आप स्पेयर होने से बचाना चाहते हैं. इसी तरह, मैसेज को बनाए रखने के लिए, अनकीप आइकन सेलेक्ट मैसेज को सेव नहीं किया जा सकेगा, और मैसेज टेंपरेरी स्पेयर हो जाएगा. एक बार ये हो जाने के बाद, उन मैसेज पर कीप प्रोसेस को यूज नहीं किया जा सकेगा.

**वॉट्सऐप कीप चैट फीचर**

मैसेज को डिस्पेयर नहीं होने देने वाला वॉट्सऐप उन यूजर्स के लिए फायदेमंद हो सकता है जो डिस्पेयर होने वाले चैट मैसेज से कुछ मैसेज को सेव करके रखना चाहते हैं. जबकि वॉट्सऐप यूजर्स को डिस्पेयर होने वाले मैसेज टाइमर को इंस्टॉल करने की अनुमति देता है. नया कीप फीचर चैट पर ज्यादा कंट्रोल देता है और यूजर्स को केवल उन मैसेज को सेव करने में मदद करता है जो जरूरी हैं.

**फीचर को ऐसे एक्सेस करें**

मौजूदा समय में, वॉट्सऐप मैसेज के स्पेयर होने वाले मैसेज के लिए तीन टाइमर हैं: 24 घंटे, 7 दिन या 90 दिन. एक बार लिमिट खत्म हो जाने के बाद, ऐप ऑटोमेटिक मैसेज को क्लियर कर देता है. नया फीचर आपको उन मैसेज को सेव करने की अनुमति देगी जिन्हें आप खोना नहीं चाहते हैं. किसी मैसेज को बनाए रखने के लिए, आपको कोरेसपोंडिंग टेक्स्ट बबल पर लॉन्ग प्रेस करना होगा. इसके बाद आपको कीप नाम का एक ऑप्शन दिखाई देगा.

डिस्पेयर मैसेज को मिलेगा नया टाइम पीरियडः नया अपडेट 1 साल, 180 दिन, 60 दिन, 30 दिन, 21 दिन, 14 दिन, 6 दिन, दो दिन और एक घंटे तक के साथ 15 डिप्रेशन की पेशकश करेगा.

# अल्मोड़ा : चलती बाइक पर झपटा गुलदार, खाई में गिरी बाइक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अल्मोड़ा : उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में गुलदार दहशत का सबब बने हुए हैं। गुलदार न सिर्फ रिहायशी इलाकों में घूम रहे हैं, बल्कि राह चलते राहगीरों-वाहन चालकों पर हमला भी कर रहे हैं। एक ऐसी ही घटना रानीखेत में हुई। यहां बाइक से घर लौट रहे ग्रामीण पर गुलदार झपट पड़ा।

अचानक हुए इस हमले से युवक घबरा गया और बाइक समेत गहरी खाई में जा गिरा। इधर, युवक रातभर घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो गए। ग्रामीण और राजस्व पुलिस रातभर युवक को ढूंढती रही। 13 घंटे बाद युवक 200 फीट गहरे गड्ढे में बदहवास हालात में पड़ा मिला।

उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक का नाम भीम सिंह नेगी है। वो बड़ी (गनियाद्योली) के रहने वाला है। परिजनों के अनुसार शाम को भीमसिंह गांव के लिए रवाना हुआ था।





तभी सिंगोली-चेल्सिया पडोली मोटर मार्ग पर काला पहाड़ के समीप गुलदार जंगल से निकल कर सड़क पर पहुंच गया।

गुलदार से बचने के चक्कर में भीम सिंह बाइक समेत गहरी खाई में जा गिरा। देर रात तक भीम सिंह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को उसकी चिंता होने लगी। उन्होंने राजस्व पुलिस को सूचना दी। अगले दिन सुबह करीब नौ बजे के आसपास भीम बदहवास हालत में खाई में गिरा दिखा। राजस्व पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह भीम सिंह को खाई से बाहर निकाला, और उसे अस्पताल पहुंचाया। युवक का अस्पताल में इलाज जारी है।

# देहरादून घूमने आए पर्यटकों की कार खाई में गिरी, 3 लोगों की मौत, 1 घायल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 10 अप्रैल : उत्तराखंड में हर दिन हो रहे सड़क हादसों से कोहराम मचा है। इस बीच देहरादून के कालसी में बड़ा सड़क हादसा हो गया यहां एक स्विफ्ट डिजायर कार गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।

घायल शख्स को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सुबह के वक्त हुआ। सुबह करीब 6 बजकर 45 मिनट पर थाना कालसी को सहिया की तरफ चापनू के पास एक गाड़ी के खाई में गिरे होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो एक स्विफ्ट डिजायर 200 मीटर गहरी खाई में






पड़ी नजर आई। हादसे के वक्त कार में 4 लोग सवार थे, जो कि चकराता की तरफ जा रहे थे। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों की पहचान ऋषभ जैन पुत्र अतुल जैन उम्र 27 वर्ष निवासी गाजियाबाद, सूरज कश्यप उम्र 27 वर्ष निवासी गाजियाबाद व गुड़िया पुत्री किशन सिंह निवासी शाहदरा, दिल्ली, उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई।

48 वर्षीय ज्ञानेंद्र सैनी पुत्र नरपत सिंह निवासी गाजियाबाद हादसे में गंभीर रूप से घायल है। घायल ने बताया कि कार में सवार सभी लोग गाजियाबाद से चकराता घूमने जा रहे थे। तभी रात को साढ़े 11 बजे उनका वाहन गहरी खाई में गिर गया। सुबह एक पिकअप वाहन चालक ने हादसे के बारे में पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को रेस्क्यू कर खाई से बाहर निकाला। घायल शख्स को इलाज के लिए विकास नगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 6 गंदी आदतें शरीर खोखला बना देंगी क्या आप है सावधान ?




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 10 अप्रैल , बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आदतों को अपनाना जरूरी है। साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखना और खाने-पीने से जुड़ी गंदी आदतें शरीर को बीमार कर सकती हैं। कई लोग खाने-पीने का खास ध्यान रखते हैं और स्वस्थ आदतों का पालन करते हैं, बावजूद इसके वो बीमार रहते हैं। आपनी कभी सोचा है इसकी पीछे क्या कारण हो सकता है?

दरअसल खाने-पीने और स्वच्छता से जुड़ी ऐसी कई आदतें हैं जिन पर बहुत से लोगों का ध्यान नहीं जाता। नतीजन आपको कई गंभीर रोगों का खतरा हो सकता है। उदाहरण के लिए खाने के तुरंत बाद ब्रश करना, अधपके चावल खाना, रखा-रखा पका हुआ आलू खाना और टाइट कपड़े पहनना। यह ऐसे काम हैं जिन पर अधिकतर लोगों का ध्यान नहीं जाता है और यही आदतें आगे चलकर आपके शरीर को अंदर से बीमार कर सकती हैं। चलिए जानते हैं जाने-अनजाने में आपकी कौन-कौन सी आदतें आपके शरीर में जहर घोल रही हैं।

यह बात आपको चौंका सकती है। NCBI की एक रिपोर्ट (Ref) के अनुसार, चावल में बी. सेरियस जैसे खतरनाक बैक्टीरिया हो सकते हैं, जो आमतौर पर मिट्टी में पाए जाते हैं। इन बैक्टीरिया को लेकर पके चावल के साथ कोई समस्या नहीं लेकिन अधपके या कच्चे चावल में यह बैक्टीरिया नहीं मरते हैं।

बेशक खाने के बाद ब्रश करना चाहिए लेकिन खट्टी चीजों को खाने के तुरंत बाद दांतों को ब्रश करने से उनका इनेमल डैमेज हो सकता है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट (Ref) के अनुसार, खट्टी चीजें खाने के तुरंत बाद ब्रश करना हानिकारक है। आपको खाने के कम से कम 30 मिनट बाद ब्रश करना चाहिए या पानी पीना चाहिए। नल का पानी स्किन डैमेज कर सकता है। आपको अपने पानी के पीएच लेवल की जांच करनी चाहिए। यह 4.7 के आसपास होना चाहिए। अगर इसका पीएच लेवल 5 से ऊपर है, तो त्वचा को नुकसान होता है। दूसरा, नल के पानी में मौजूद सभी कठोर खनिज जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन ब्रेकआउट और ड्राई स्किन का कारण बन सकते हैं।आलू पोटेशियम और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों का एक बड़ा स्रोत है। लेकिन पुराने रखे आलू को लेकर बहुत सावधान रहने की जरूरत है। वेबएमडी के अनुसार, आलू में सोलनिन जैसे जहरीले तत्व होते हैं। इनके बढ़ने से ही आलू का अंदर का हिस्सा हरा होता है। इन्हें खाने आपके पेट में दर्द, उल्टी और बुखार जैसी समस्याएं और कुछ दुर्लभ मामलों में इससे लकवा भी हो सकता है।टाइट कपड़े पहनने से आपको गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिसऑर्डर का खतरा हो सकता है। टाइट-फिटिंग कपड़े पेट और आंतों पर दबाव डालते हैं जिससे पाचन तंत्र धीमा हो सकता है। साथ ही यह यीस्ट इन्फेक्शन और नसों में दर्द का कारण बन सकता है। फिल्म देखते हुए पॉपकॉर्न खाना भला किसे पसंद नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि माइक्रोवेव पॉपकॉर्न को स्वादिष्ट बनाने के लिए डायसेटाइल नामक एक रसायन का इस्तेमाल होता है, जो सीधे रूप से आपके फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है।

# कपाट खुलने से पहले सभी व्यवस्थाएं हो पूरी : अजेंद्र अजय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ श्री बद्रीनाथ धाम का भ्रमण कर वहां चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कपाट खुलने की तिथि को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र रविवार को बद्रीनाथ धाम पहुंचे और विभिन्न कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कपाट खुलने की तिथि नजदीक आ चुकी है। 27 अप्रैल को भगवान बद्री विशाल के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। लिहाजा, विभिन्न कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के कारण श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुनर्निर्माण कार्यों के चलते श्रद्धालुओं को इस बार नए पैदल मार्ग से मंदिर तक पहुंचना पड़ेगा। नए पैदल मार्ग को समयबद्ध रूप से सुव्यवस्थित किया जाए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े।उन्होंने मंदिर परिसर के निकट ध्वस्त किए गए भवनों व दुकानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मंदिर की पूजा व्यवस्था से जुड़े कार्मिकों को किसी प्रकार की आवासीय समस्या ना पैदा हो, इसके लिए मंदिर के समीप तात्कालिक व्यवस्था के रूप में शीघ्र प्री- फैबरीकेटेड कक्षों का निर्माण करा लिया जाए। उन्होंने मंदिर के निकट ध्वस्त किए गए बीकेटीसी के वीआईपी गेस्ट हाउस के मलबे को जल्द से जल्द निस्तारित करने और उसके समीप मंदिर पथ पर रेलिंग निर्माण करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि वीआईपी गेस्ट हाउस के ध्वस्त होने के पश्चात इस वर्ष यात्रा काल में आने वाले विशिष्ट महानुभाव के अल्प विश्राम के लिए निर्मित किए जा रहे प्री- फैबरीकेटेड कक्ष का जल्द से जल्द का निर्माण पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने ब्रह्म कपाल परिसर में स्थित मलबे और पत्थरों को भी जल्द से जल्द हटाने और परिसर को साफ सुथरा बनाने को कहा, ताकि पिंड दान इत्यादि के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई ना हो।उन्होंने निर्देश दिए कि तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए निर्मित किए जा रहे जूता स्टैंड का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करा लिया जाए। अजेंद्र ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीकेटीसी की जिन धर्मशालाओं और भूमि का अधिग्रहण कर तीर्थ पुरोहितों व प्रभावितों का पुनर्वास किया जा रहा है, उनके साथ नियमानुसार अनुबंध और किराया तय किया जाए।बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र के भ्रमण के दौरान जोशीमठ की उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, पुलिस उपाधीक्षक नताशा सिंह, तहसीलदार रवि शाह, बीकेटीसी के सहायक अभियंता गिरीश देवली, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, पुलिस निरीक्षक कैलाश भट्ट, बदरीनाथ नगर पंचायत के प्रभारी अधिकारी पंकज पुरोहित आदि समेत विभिन्न विभागों के आधिकारी साथ थे।

# गेंहू खरीद के 72 घंटों के भीतर भुगतान करेगा टीडीसी : युगल किशोर पंत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर 10 अप्रैल , टीडीसी किसानों की गेहूं फसल खरीद का भुगतान पूरी तत्परता व समयबद्धता से गेंहू खरीद के 72 घंटों के भीतर करेगा

यह जानकारी देते हुए टीडीसी के प्रबंध निदेशक एवम जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने बताया कि निगम द्वारा वर्तमान रबी सत्र में गेहूँ असंसाधित बीज क्रय करने हेतु पूर्ण व्यवस्थाये कर ली गयी है। कृषको को उनके आपूर्तित उत्पाद का भुगतान 72 घंटे की समय सीमा के अन्तर्गत किया जायेगा और कृषकों को अपनी उपज के भुगतान हेतु परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समय से भुगतान होने से किसानों को विभिन्न दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि कृषकों को संयंत्रो पर अन्तःग्रहण सुचारू रूप से कराने हेतु सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है। निदेशक मण्डल द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु 20 करोड रुपए की कार्यशील पूंजी की व्यवस्था की गई है।उन्होंने बताया कि निगम द्वारा वर्ष 2022-23 में कार्यशील पूँजी की व्यवस्था हेतु प्राप्त कैश क्रेडिट लिमिट का पूर्ण भुगतान 31 मार्च से पूर्व कर दिया गया है जो निगम द्वारा गतवर्ष में बीज विक्रय में किये गये अथक प्रयासो का परिणाम है।



उन्होंने बताया कि विगत दिवस देहरादून में अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन एवं निगम अध्यक्ष आनन्द वर्धन महोदय की अध्यक्षता में निगम के निदेशक मण्डल की 243वीं बैठक ए0पी0सी0 सभाकक्ष उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून में आहूत की गयी ।

बैठक अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन एवं निगम अध्यक्ष आनन्द वर्धन महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गयी । जिसमें गत वर्ष 2022-23 में निगम द्वारा किये गये मुख्य कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया तथा भावी कार्य कलापो के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही वर्ष 2021-22 के वार्षिक लेखो का अनुमोदन कराया गया। निगम के पुर्नोत्थान के लिए सुदृढ रणनीति तैयार करने के निर्देश दिये गये। भविष्य में निगम के सशक्तिकरण हेतु सभी आवश्यक प्रयास किये जायेगे, जिससे बीज उत्पादको के हित सुरक्षित रहे तथा निगम अपनी साख के अनुरूप उत्तराखण्ड व अन्य राज्यों यथा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड ईत्यादि राज्यों में बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए व्यवसायिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सके।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी की गला दबाकर हत्या कर पति फरार

हरिद्वार। श्यामपुर क्षेत्र में एक महिला की गला दबाकर हत्या कर पति फरार हो गया। प्रारंभिक जांच में गृह कलह के चलते हत्याकांड को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। मकान मालकिन ने आरोपी पति के खिलाफ पत्नी की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना शनिवार देर रात की है। आरोपी पति की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम यूपी के रवाना हो गई है। हरकी पैड़ी से सटी दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग में चाय की दुकान लगाने वाली कविता पत्नी स्वर्गीय छोटू निवासी गाजीवाली जब रोजाना की तरह देर रात 12 बजे अपने घर पहुंची। उसने जब अपने किराएदार जगत और उसकी पत्नी राधिका को आवाज लगाई, तब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। उसने जब कमरे के अंदर झांककर देखा तब राधिका जमीन मृतवस्था में पड़ी थी। उसने तुरंत अपने परिचित को घटनाक्रम से अवगत कराया। सूचना मिलने पर एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल, एसओ विनोद थपलियाल मौके पर पहुंच गए। एसपी सिटी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 25 वर्षीय महिला की हत्या उसके पति जगत ने गला दबाकर की है। पेशे से दिहाड़ी मजदूर पति मूल रूप से बदायूं का निवासी है और करीब पंद्रह बीस वर्ष से यहां रह रहा था। मूल रूप से बिहार की रहने वाली महिला करीब छह माह से उसके साथ पत्नी के तौर पर रह रही थी। दो मार्च को ही उन्होंने कमरा किराए पर लिया था। महिला भीख मांगकर गुजर बसर करती थी। पड़ताल में सामने आया कि दंपति के बीच अनबन रहती थी, संभवत इसलिए ही पति ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपी पति की तलाश में पुलिस टीमें रवाना हो गई हैं।

### आग से कैफे जलकर स्वाहा

हरिद्वार। पुराना रानीपुर मोड़ से चंद कदम की दूरी पर एक बिल्डिंग के सबसे ऊपरी मंजिल पर स्थित एक कैफे में अचानक से रविवार तडक़े आग लग गई। आग लगने की सूचना पर स्थानीय लोगों में हडकंप मच गया। इस बीच किसी ने अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दे दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। हालांकि जबतक कैफे का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। एफएसओ प्रताप सिंह राणा ने बताया कि चार दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह प्रारंभिक जांच में साफ नहीं हो सकी है। संभवत शार्ट सर्किट से ही आग लगी होगी। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि रविवार तडक़े सूचना मिली कि भाटिया कॉम्पलेक्स में सबसे ऊपर की मंजिल में बने नाइन ड्रैगन कैफे में आग लगी है। दमकल की गाड़ी जब मौके पर पहुंची तो आग ने विकराल रूप ले चुकी थी। ऐसे में मायापुर फायर स्टेशन और सिडकुल फायर स्टेशन से भी दमकल की गाडियां घटना स्थल पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि चूंकि कैफे के ऊपर पक्का निर्माण न होकर टीनशेड था और बांस का इंटीरियर था। इसलिए आग तेजी से फैल गई थी। कैफे में कितने का नुकसान हुआ है इसका आकलन कैफे संचालक द्वारा किया जा रहा है। गनीमत रही कि आस पास की दुकानों में आग की लपटे नहीं पहुंची। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। कैफे स्वामी चिराग आनंद से फायरकर्मी इस संबंध में पूछताछ कर रहे हैं।

### हरिद्वार में 32 केंद्रों पर आयोजित हुई वन आरक्षी परीक्षा, 70.39 फीसदी अभ्यर्थी रहे उपस्थित

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित वन आरक्षी परीक्षा 2022 के लिए हरद्विार में कुल 70.39 फीसदी अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। हरिद्वार जिले में परीक्षा का आयोजन 68 केंद्रों पर किया गया। जिसमें से हरिद्वार शहर में 32 और रुडक़ी में 36 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन हुआ। वहीं 29.61 फीसदी अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। रविवार को परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लगाई गई थी। हरिद्वार में कुल 29353 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। लेकिन 20662 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। जबकि 8691 अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे। परीक्षा एक पाली में आयोजित की गई। परीक्षा का आयोजन सुबह 11 से एक बजे के बीच हुआ। हरिद्वार नोडल अधिकारी और एडीएम पीएल शाह ने बताया कि परीक्षा के लिए 15 जोनल मजिस्ट्रेट और 29 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। शांतिपूर्ण रूप से परीक्षा आयोजन हुआ।

# आम आदमी पार्टी ने निशुल्क जन सेवार्थ कैंप लगाकर की अभियान की शुरुआत


हरिद्वार। आम आदमी पार्टी ने निशुल्क जन सेवार्थ कैंप का आयोजन किया। जहां वार्ड नंबर 35 मोहल्ला कड़च्छ में वार्ड अध्यक्ष अजय कुमार मुखिया की अध्यक्षता में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी गई और मौके पर उनका समाधान कराया गया। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा की प्रत्येक रविवार को निशुल्क जन सेवार्थ कैंप अलग-अलग वार्डों में लगाया जाएगा। जिसमें निशुल्क सिविल कार्य ,प्लंबर इलेक्ट्रिशियन ,कारपेंटर के कार्य पब्लिक करा सकती है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी ने कहा कि बढ़ती महंगाई के चलते लोगों का घर चलाना मुश्किल हो गया है ।ऐसे में आप रोजमर्रा की जरूरतों में होने वाले खर्च को कम करने के लिए निशुल्क कैंप लगा रही है। ताकि लोगों को थोड़ी सी राहत दिलाई जा सके। कहा कि अभिभावक महंगी किताबों के बोझ तले दबे हुए हैं। विधानसभा प्रभारी संजय सैनी और विधानसभा अध्यक्ष अनिल सती ने कहा कि बेरोजगारी चरम पर है। कहीं भी किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं है। आम आदमी पार्टी ने इस अभियान के तहत लोगों को इस बढ़ती महंगाई में थोड़ा सा राहत देने का प्रयास किया है।

# श्रीकोट में पशु चिकित्सालय को करेंगे अपग्रेडः डा. धन सिंह

श्रीनगर गढ़वाल। गो सेवा संवद्र्धन समित का प्रथम स्थापना दिवस समारोह धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि श्रीनगर में गोशाला संचालन के लिए 200 नाली जमीन चिह्नित की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जहां पर गोशाला संचालित हो रही है वहां पर चाहरदीवारी व पर्याप्त पानी की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने गो सेवा के लिए एंबुलेंस देने व श्रीकोट स्थित पशु चिकित्सालय को अपग्रेड करने की घोषणा की। कहा पशु चिकित्सालय के अपग्रेड होने से पशुओं को हाईटेक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। विशिष्ट अतिथि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि देवप्रयाग विधानसभा में गो सेवा संवद्र्धन समिति जो भी कार्य करेगी उसके लिए उनकी ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने समिति को बगवान में गोशाला संचालित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिस दिन बगवान में गोशाला का संचालन शुरू होगा उसी दिन वह गो सेवा के लिए अपनी विधायक निधि से एंबुलेंस भी दे देंगे। कहा वह अपने बच्चों के जन्म दिन पर गोशाला में अपनी ओर से योगदान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गो सेवा आयोग उत्तराखंड के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अंथवाल ने कहा कि गो सेवा का कार्य पुण्य का कार्य है।

# केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर की ऑनलाइन बुकिंग शुरू






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड : हेली सेवाओं ने केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम बनाया है। अगर आप भी हेली सेवा के जरिए केदारनाथ धाम के दर्शन करने जा रहे हैं तो टिकट बुक करा लें। हेली सेवा के लिए टिकट बुकिंग का जिम्मा आईआरसीटीसी को दिया गया है। 8 अप्रैल से दोपहर 12 बजे हेली टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग खोल दी गई है। ऑनलाइन टिकट बुक कराते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखें। जैसे एक समय में एक ईमेल आईडी से 6 सीट और समूह में यात्रा करने पर 12 सीटों की बुकिंग कर सकते हैं। इसके अलावा एक आईडी से पूरे यात्रा काल में सिर्फ दो बार टिकट बुक कराया जा सकता है। सबसे जरूरी बात ये है कि टिकट बुक कराने के लिए चारधाम यात्रा का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। केदारनाथ हेली सेवा के लिए पहले फेज में 25 से 30 अप्रैल तक टिकटों की बुकिंग होगी। टिकट बुक करने के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.heliyatra.irctc.co.in पर जाएं।

यहां लॉगइन कर आईडी बनानी होगी। इसके बाद हेली ऑपरेटर कंपनी का चयन करने के बाद यात्रा की तिथि और स्लॉट टाइम भरना पड़ेगा। साथ ही यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या और जानकारी देनी होगी। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी डालने के बाद टिकट राशि का ऑनलाइन भुगतान कर टिकट बुक होगा। किराया भी जान लें। गुप्तकाशी से केदारनाथ तक के लिए हेली सेवा का एक तरफ का किराया 3870 और दोनों तरफ का किराया 7740 रुपये प्रति यात्री है। इसी तरह फाटा से केदारनाथ के लिए एक तरफ का किराया 2750 और दोनों तरफ के लिए 5500 रुपये किराया देना होगा।

सिरसी से केदारनाथ के लिए एक तरफ का किराया 2749 रुपये और दोनों तरफ का किराया 5498 रुपये तय किया गया है। गुप्तकाशी से आर्यन एविएशन, व ट्रांस भारत एविएशन, फाटा से पवन हंस, कैस्ट्रॉल, थंबी और ग्लोबल वेक्ट्रा एविएशन, सिरसी से केदारनाथ के लिए हिमालयन हेली, कैस्ट्रॉल और एयरो एयरक्राफ्ट कंपनी के माध्यम से हेली सेवा चलाई जाएगी। चारधाम यात्रा 22 अप्रैल से शुरू हो रही है।

# त्यूनी अग्निकांड में मुख्यमंत्री ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





देहरादून , 10 अप्रैल , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा त्यूनी अग्निकांड में राहत एवं बचाव कार्यों में लापरवाही बरतने वाले रेखीय विभाग के कार्मिको पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं । वही जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने तहसीलदार त्यूनी एवं पटवारी रायगी क्षेत्र को निलंबित कर दिया है।

मुख्य बाजार त्यूनी, तहसील त्यूनी में दो मंजिला आवासीय भवन में आगजनी की घटना पर राहत बचाव कार्यों में स्थानीय लोगों द्वारा सम्बन्धित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो एवं पटवारी की कार्यशैली पर जिलाधिकारी से शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित तहसीलदार को उपजिलाधिकारी त्यूनी की संस्तुति तथा राजस्व परिषद के अनुमोदन के क्रम में निलंबित किया है। तहसीलदार चकराता को तहसील त्यूनी का अतिरिक्त कार्य सौंपा गया है।

कानूनगो त्यूणी पर आपदा राहत सम्बन्धी उपकरणों को अध्यावधिक न रखने, समय से उपलब्ध न कराने को लेकर प्रशासनिक आधार पर उनका स्थानान्तरण तहसील चकराता किया गया है, जबकि कानूनगो चकराता को जनहित में तहसील त्यूनी तैनात किया गया है।

पटवारी रायगी के अपने क्षेत्र से बिना अनुमति के नदारद रहने पर उपजिलाधिकारी त्यूनी ने उनके विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति की है जिस पर जिलाधिकारी ने रायगी क्षेत्र के पटवारी को निलम्बित करते हुए, हनोल क्षेत्र के पटवारी को रायगी का अतिरिक्त कार्य सौंपा गया है। जबकि नायब तहसीलदार त्यूनी को पूर्व में ही निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी देहरादून को जांच अधिकारी नामित करते हुए संपूर्ण घटना की निष्पक्ष मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

# हरिद्वार में ज्योतिष महाकुंभ, देश भर के विद्वानों का हुआ संगम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

■ दो दिवसीय अखिल भारतीय ज्योतिष महा सम्मेलन एवं विद्वत सम्मान समारोह

हरिद्वारः , 10 अप्रैल , भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य पंडित ओपी शास्त्री ने बताया कि संस्था के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित समारोह में निष्काम सेवा ट्रस्ट सभागार में राजगुरु आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती जी महाराज बीकानेर, व महामंडलेश्वर संत कमल किशोर जी महाराज सहारनपुर के सानिध्य में भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस महाकुंभ में मुख्य अतिथि पंडित सुरेश मिश्रा जयपुर,धर्म गुरु धर्म गुरु पंडित शुभेष शर्मन दिल्ली, ज्योतिषाचार्य गुरुदेव रमेश सेमवाल रुड़की, टैरो रीडर वाई राखी दिल्ली,डॉ. लेखराज शर्मा हस्तरेखा विशेषज्ञ हिमाचल प्रदेश, जोगेंद्र नाथ जी महाराज महामंडलेश्वर हरिद्वार, राजेंद्र पाराशर सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष उत्तराखंड ,आचार्य नरेश शर्मा प्रदेश महा मंत्री सर्व ब्राह्मण महा सभा उत्तराखंड,महंत शुभम गिरी महाराज,पीतांबरा पीठ दिनेश महाराज,पंचांग कर्ता पंडित भागीरथ जोशी नीमच,पंडित अक्षय शास्त्री जयपुर पंडित नारायण शास्त्री जयपुर विदुषी ज्योति बाविशि मुंबई सहित देश के मूर्धन्य विद्वान ज्योतिष,वास्तु,धर्म,अंक शास्त्र, टैरो, रमल आदि विद्याओं पर अपने व्याख्यान दिया।तथा विक्रम संवत को राष्ट्रीय संवत की मान्यता दिलाने हेतु सरकार को ज्ञापन देने हेतु सर्व सम्मति से निर्णय लिया।इसके साथ साथ पंचांगों में व्रत पर्वो की एक रुपता पर मंथन किया ।इस मौके देश के 150 से अधिक मूर्धन्य विद्वानों को संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश गौड़,उपाध्यक्ष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री,सलाहकार ज्योतिषाचार्य राज शर्मा, दिल्ली प्रदेश प्रभारी आचार्य सुरेश शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।





# पछवादून ट्रक ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने विधायक को सम्मानित किया

विकासनगर। पछुवादून ट्रक ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजित कर क्षेत्रीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर को सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि पछवादून ट्रक ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन से उनका गहरा नाता है इसको खड़े करने के लिए उन्होंने एसोसिएशन के साथ मिलकर काफी संघर्ष किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि पछवादून ट्रक ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन को व उसमें शामिल वाहन स्वामियों, चालक व हेल्पर को हर तरह से सहयोग किया जायेगा। विधायक ने कहा कि जल्द ही सेलाकुई इंडस्ट्रियल एरिया के तमाम उद्योगपतियों, एसडीएम विकासनगर व सीओ विकासनगर के मध्य संवाद करेंगे। जिससे कि पछवादून ट्रक ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पक्ष में काम करने वाले चालक, परिचालक समस्त कर्मचारियों उद्योगों से लेकर विभिन्न सरकारी गैर सरकारी विभागों को से काम मिल सके। एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद सिंह तोमर ने कहा की ट्रक मालिकों के हित में कंधे से कंधा मिलाकर एसोसिएशन काम करेगी। कहा कि जो भी समस्याएं उत्पन्न होंगी उसे एसोसिएशन के लोग मिलकर दूर करने का काम करेंगे।

# सैनिकों के कार्यक्रमों में मैं एक पूर्व सैनिक के तौर पर आता हूं : गणेश जोशी




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार, 10 अप्रैल , प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी रविवार को हरिद्वार पहुंचे। जहां उन्होंने देवभूमि पूर्व सैनिक कल्याण समिति हरिद्वार के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों द्वारा सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी का भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने वीर नारियों पूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति के लिए बच्चो को भी पुरुस्कृत किया गया।

अपने संबोधन के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मैं सैनिकों के कार्यक्रमों में एक मंत्री के रूप में नहीं बल्कि एक पूर्व सैनिक होने के नाते आता हूं। उन्होंने कहा जब मैं सैनिकों के कार्यक्रम में जाता हूं तो एक परिवार के बीच होने का एहसास होता है। मंत्री जोशी ने कहा मैं किसी भी सैनिकों के कार्यक्रम को नहीं छोड़ता हूं, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दीपावली सैनिकों के साथ बॉर्डर पर मनाते हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा हमारे प्रदेश के मुखिया भी एक सैनिक के बेटे है। मंत्री जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में वीरों की भूमि है,देश की रक्षा के लिए सीमा पर खड़ा हर पांचवा सैनिक उत्तराखंड से होता है। उन्होंने कहा आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में सैनिकों पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण अनेक योजनाएं संचालित की है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में सरकार ने सैनिकों को उनके शौर्य के लिए मिले मेडल के आधार पर राशि को बढ़ाया गया है। परमवीर चक्र पाने वाले बहादुर सैनिक को 30 लाख रूपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किए गए।

मंत्री जोशी ने कहा देहरादून के गुनियालगांव में पांचवे धाम के रूप में भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य गतिमान है। उन्होंने कहा निर्माणाधीन सैन्यधाम के लिए प्रदेश के 1734 शहीद सैनिकों के आंगन से कलश में मिट्टी लायी गयी है जिसे यहां बनने वाली अमर जवान ज्योति की नींव में रखा गया है।उन्होंने कहा सैन्य धाम के प्रवेश द्वार का नाम पूर्व सीडीएस जनरल विपिन रावत के नाम से रखा जा रहा है। वहीं प्रांगण में बाबा जसवंत सिंह और हरभजन सिंह का मंदिर भी बनाया जा रहा है। मंत्री जोशी ने कहा सैनिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने सभी पूर्व सैनिकों को वर्सिकोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने भूमा पीठाधीश्वर स्वामी अच्युतानंद तीर्थ महाराज जी एवं श्री निर्मल पंचायती अखाड़े के कोठारी महंत जसविंदर सिंह शास्त्री महाराज जी का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर ब्रह्म स्वरूप शर्मा, मुकेश कुमार चंदोलिया, विजय शंकर चौबे, दिनेश चंद सकलानी, योगेंद्र पुरोहित, मनोज भट् सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों ने धूमधाम से मनाया 9वां वार्षिकोत्सव

हरिद्वार। ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर स्थित ऑडिटोरियम में देवभूमि पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने अपना 9वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में पहुंचे सैनिक कल्याण मंत्री ने गणेश जोशी ने कार्यक्रम की शुरुआत के दौरान कहा कि भाजपा सरकार सैनिक कल्याण के लिए लगातार बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने देवभूमि पूर्व सैनिक कल्याण समिति की हरिद्वार में पूर्व सैनिकों के लिए अस्पताल, कैंटीन और सैनिक कालोनी की मांग पर भी सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भूमा पीठाधीश्वर स्वामी अच्युतानंद तीर्थ ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद देशभक्ति गीतों पर नृत्य करने वाले स्कूली बच्चों को स्वामी अच्युतानंद तीर्थ ने पुरस्कृत किया।

देवभूमि पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सकलानी ने कहा कि हम पूर्व सैनिकों के लिए हरिद्वार में चिकित्सा सुविधा नहीं है। इलाज के लिए रुडक़ी और रायवाला जाना पड़ता है। जबकि कैंटीन से मिलने वाली सुविधाओं के लिए भी रायवाला और रुडक़ी के चक्कर काटने पड़ते हैं। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इसके लिए कुछ मानक तय हैं। मानकों के अनुरूप इस मांग पर सकारात्मक कार्रवाई सरकार की ओर से की जाएगी। इस दौरान समिति के सचिव विजय शंकर चौबे, कोषाध्यक्ष योगेंद्र पुरोहित,बीएस शर्मा, प्रकाश चंद्र भटट, कुलवीर सिंह रावत, मुकेश चंदौलिया, वीडी शर्मा,मनोज भटट, शिवनंदन, ओम प्रकाश थापा, जितेंद्र असवाल, रामपाल रावत, नंदर सिंह, सतेश्वर प्रसाद, रितुराज चौहान, देवेंद्र सिंह रावत, वेद प्रकाश पांडेय, जितेंद्र लखेड़ा, अरविंद शुक्ला, यंजीव कुमार, आईएमएस रावत, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

### मुद्रा योजना की सफलता

देश के छोटे उद्यमों के लिए आसानी से वित्त हासिल कर पाना लंबे समय तक मुश्किल रहा था. इसके समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ अप्रैल, 2015 को मुद्रा योजना की शुरुआत की थी. बीते आठ वर्षों में इस योजना के तहत बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा 23.2 लाख करोड़ रुपये की बड़ी राशि मुहैया करायी गयी है. इससे लगभग 41 करोड़ उद्यमियों को फायदा मिला है. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि क्षेत्र के सूक्ष्म एवं छोटे उद्यमों को 10 लाख रुपये तक की राशि दी जाती है. इस कर्ज के बदले में ऐसे उद्यमियों को किसी तरह की परिसंपत्ति को गिरवी भी नहीं रखना पड़ता है. बिना किसी गारंटी या गिरवी के कर्ज मिलने से इन उद्यमियों के लिए अपनी कारोबारी गतिविधियों को बढ़ाने में मदद मिली है तथा उनकी आमदनी में बढ़ोतरी हुई है.राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में छोटे उद्यमों का बहुत बड़ा योगदान है. इनके विकास को सुनिश्चित किये बिना आर्थिक वृद्धि की गति को बढ़ा पाना संभव नहीं है. साथ ही, कोई भी वित्तीय योजना तभी सफल हो सकती है, जब उसमें सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की व्यापक भागीदारी हो. चाहे जन-धन योजना हो, विभिन्न कल्याण कार्यक्रम हों, कौशल विकास की पहले हों, डिजिटल तकनीक को सुलभ बनाने का प्रयास हो, या फिर मुद्रा या स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाएं हों, सरकार ने समावेशी विकास और भागीदारी को हमेशा प्राथमिकता दी है.प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लाभार्थियों में लगभग 68 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं तथा 51 प्रतिशत खाते अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के हैं. स्टैंड अप इंडिया योजना तो इन्हीं वर्गों के ऐसे उद्यमियों के लिए है, जो अपना नया उद्यम शुरू करना चाहते हैं. इस प्रकार, ऐसी योजनाएं केवल आर्थिक या वित्तीय योजनाएं ही नहीं है, बल्कि सामाजिक विकास और समानता की दिशा में ठोस कदम भी हैं. मुद्रा योजना के आठ साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने इसके लाभार्थियों की उद्यमिता की बड़ी प्रशंसा की है. सूक्ष्म, छोटे और मझोले उद्यमों ने 'मेक इन इंडिया', आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभायी है. मुद्रा योजना को तीन भागों में बांटा गया है- शिशु (50 हजार रुपये तक), किशोर (50 हजार से पांच लाख रुपये तक) तथा तरुण (पांच से दस लाख रुपये तक). यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इस योजना में बांटे गये कुल कर्ज में शिशु खातों की हिस्सेदारी 83 प्रतिशत है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# उत्तराखंड ब्राह्मण समाज के पंडित विशाल शर्मा बने ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश संयोजक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




हरिद्वार। लगातार उपेक्षित महसूस कर रहे ब्राह्मण समाज से जुड़े करीब 3 दर्जन संगठनों के प्रतिनिधियों की रविवार को परशुराम धर्मशाला में हुई बैठक के बाद समाज की लड़ाई को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से उत्तराखंड ब्राह्मण महासंघ का गठन किया गया है। महासंघ ब्राह्मण समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई लडऩे का काम करेगा। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि ब्राह्मण समाज की बहुप्रतीक्षित मांग परशुराम जयंती पर राज्य सरकार ने अवकाश नहीं घोषित किया तो आगामी चुनाव में समाज सरकार को वोट की चोट देंगे। यह जानकारी रविवार को प्रेस क्लब सभागार में पत्रकारों से बात करते हुए उत्तराखंड ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश संयोजक नियुक्त किए गए पंडित विशाल शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 25लाख से अधिक संख्या होने के बावजूद ब्राह्मण समाज आज भी उपेक्षित है क्योंकि ब्राह्मणों की कोई राजनीतिक शक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इतनी संख्या में पंडितों के होने के बावजूद हम धीरे-धीरे कश्मीरी पंडितों जैसा हाल में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे समुदायों के पर्वो पर जहां सरकार अवकाश घोषित कर देती है, वहीं कई वर्षों से भगवान परशुराम प्राकट्ोत्सव पर अवकाश की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने बताया कि इन्हीं सब मुद्दों को लेकर आज परशुराम धर्मशाला बैरागी कैंप में 35 संगठनों के प्रतिनिधियों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें भविष्य की लड़ाई लडऩे की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश और देश में आरक्षण का आधार आर्थिक होना चाहिए क्योंकि अब आरक्षण के दम पर जहां कुछ खास वर्ग लगातार आर्थिक रूप से मजबूत होते जा रहे हैं वहीं आरक्षण की वजह से ब्राह्मण समाज के बच्चे आत्महत्या करने पर मजबूर हैं उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि 22 अप्रैल को परशुराम प्राकट्ोत्सव पर अगर सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं करती है तो समाज आगामी चुनावों में उन्हें वोट की चोट देंगे इस दौरान महासंघ के कई प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने बताया कि श्री गंगा सभा के अध्यक्ष पंडित नितिन गौतम को गढ़वाल मंडल का तथा पंडित सुरेश चंद्र शर्मा को कुमाऊ का महासंघ सलाहकार नियुक्त किया गया है प्रदेश संयोजक पंडित विशाल शर्मा ने बताया कि देहरादून में बैठक कर प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। बैठक का संचालन बालकृष्ण शास्त्री एवं डॉ वी. डी. शर्मा नें किया।




इस मौके पर मनोज गौतम, जे.पी. जुयाल, डॉ. बृजेश सती, सुरेश चन्द शर्मा, जुगुल बल्लभ गोस्वामी, पंडित हेम भट्ट पंडित उमेश जोशी पंडित गोविन्द पांडे पंडित गोरव शर्मा विवेक तिवारी मुरली शर्मा अनिरुद्ध उनियाल पंडित नवीन नेंथानी अरुण शर्मा विपिन शर्मा, राजकुमार शर्मा मनोज शुक्ला विकास शर्मा,रजनीकांत सेमवाल शुसील तिरपाठी केशव पांडे विश्वास शर्मा प्रमोद सारस्वत अजय वसिष्ठ श्रीमती भारती व्यास, हर्षनिधि शर्मा, रजनीकान्त सेमवाल, सुजीत शुक्ला, विश्वास शाण्डिल्य सहित पूरे उत्तराखण्ड से पहुंचे ब्राह्मण प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिये।

# हरिद्वार में सीएम धामी ने ली अफसरों की बैठक, सांसद निशंक रहे मौजूद





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

10 अप्रैल,हरिद्वार , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने हरिद्वार भ्रमण के दौरान डामकोठी में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों आदि के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारी श्री विनय शंकर पाण्डेय से हरिद्वार जनपद में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी जन-कल्याणकारी योजनायें चल रही हैं, उनका लाभ अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक अवश्य पहुंचे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ग्राम सभाओं में चौपालों का आयोजन किया जाये तथा उसमें जिस भी ग्रामवासी की जो भी समस्या हो, उसका निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता पर किया जाये एवं गर्मी के मौसम को देखते हुये बिजली, पानी आदि पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि सब्सिडी की जो भी योजनायें हैं, उनका लाभ समय पर लाभार्थी को दिलाना सुनिश्चित करें तथा जिस किसी भी योजना का कार्डधारक हो, उसे समय पर राशन का वितरण होना चाहिये।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा का उल्लेख करते हुये कहा कि हरिद्वार चारधाम यात्रा का प्रमुख पड़ाव है, जिसे देखते हुये यहां हर तरह की व्यवस्थायें, खासतौर पर हरिद्वार शहर तथा गंगा के घाटों की साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में चर्चा करते हुये जिलाधिकारी ने बताया कि चारधाम यात्रा को देखते हुये दुधाधारी या अन्य स्थानों पर जाम की स्थिति न बने, इसके लिये विभिन्न वैकल्पिक योजनाओं-भारी वाहनों की नो इण्ट्री का समय निर्धारण करना, पार्किंग की उचित व्यवस्था आदि पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

कानून-व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में मुख्य मंत्री द्वारा जानकारी लिये जाने पर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि हनुमान जयन्ती के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम निर्विघ्न तथा सकुशल सम्पन्न हुये हैं तथा कानून-व्यवस्था चुस्त एवं दुरूस्त है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक आयोजित होने वाली परीक्षाओं को कड़े कदम उठाते हुये नकल विहीन व सकुशल सम्पन्न कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बैठक में जमीन सम्बन्धी प्रकरण आदि पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया तथा दिशा-निर्देश दिये।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने साक्षी महाराज से शिष्टाचार भेंट की तथा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से हरिद्वार में संचालित हो रही विभिन्न विकास योजनाओं के बारे में भी विचार-विमर्श किया।


इस अवसर पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक लक्सर संजय गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संदीप गोयल, महामंत्री आशू चौधरी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश जमदग्नि, पूर्व मेयर श्री मनोज गर्ग, लव शर्मा, मनोज गौतम, अनिल अरोड़ा आशुतोष शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, अपर जिलाधिकारी( वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल, अपर जिलाधिकारी( प्रशासन) पी0एल0 शाह, एसडीएम पूरण सिंह राणा, एमएनए दयानन्द सरस्वती, भूमि अध्याप्ति अधिकारी ब्रजेश तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अचानक बजरंग सेतु पहुंचे महाराज दिए जल्द निर्माण पूरे करने के निर्देश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय सीमा में निर्माण काम को पूरा करना होगा। ऐतिहासिक लक्ष्मणझूला पुल के विकल्प बजरंग सेतु का 62 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इसके पश्चात 132.30 मीटर लंबे इस पुल के कांच के फुटपाथ का काम शुरू होगा। जुलाई 2023 तक बजरंग सेतु बनकर तैयार हो जायेगा।

प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को लक्ष्मण झूला के समीप बन रहे बजरंग सेतु के औचक निरीक्षण के दौरान कई बड़ी बात कही। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजरंग सेतु को निर्धारित तिथि में पूरा करने के साथ साथ गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए।



प्रदेश के लोक निर्माण एवं पर्यटन महाराज ने ऐतिहासिक लक्ष्मणझूला पुल के निकट बन रहे बजरंग सेतु के औचक निरक्षण के दौरान कहा कि 69.20 करोड़ की लागत से बनने वाले बजरंग सेतु जिसके निर्माण की शुरूआत 5 जनवरी 2022 को हुई थी का 62 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इसके पश्चात 132.30 मीटर लंबे इस पुल के कांच के फुटपाथ का काम शुरू होगा और जुलाई 2023 तक ₹बजरंग सेतु₹ स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों के लिए बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होने कहा कि जर्जर हो चुके 92 साल पुराने लक्ष्मणझूला पुल को सुरक्षा की दृष्टि से 16 अप्रैल 2022 को प्रशासन ने बंद कर दिया था जिससे गंगा के आर-पार आवागमन को लेकर पर्यटकों और स्थानीय लोगों को काफी दिक्कत हो रही थी।



महाराज ने कहा कि बजरंग सेतु इंजीनियरिंग का एक शानदार नमूना होने के साथ साथ नवीनतम तकनीक वाला उत्तर भारत का पहला कांच के फुटपाथ वाला पुल है। इस पुल पर पर्यटक जहां गंगा की लहरों को देख रोमांचित हो सकेंगे वहीं उन्हे इस सेतु के टावर में केदारनाथ धाम की आकृति भी देखने को मिलेगी।

## संक्षिप्ति खबरें

### अवैध मजार निर्माण मामले में सरकार की कार्रवाई का अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने किया स्वागत

हरिद्वार। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने देवभूमि उत्तराखंड में गैर कानूनी तौर पर मजार बनाकर सरकारी जमीन कब्जाने के मामलों में सरकार की कार्रवाई का स्वागत किया है। कहा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धर्मांतरण विरोधी कानून की तर्ज पर इस तरह के मामलों पर कड़ी कार्रवाई के लिए कानून बनाना चाहिए। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि उत्तराखंड एक शांत व सीमावर्ती राज्य है। चारों धाम व हरिद्वार की वजह से पूरे विश्व में उत्तराखंड की अलग पहचान है। सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से हजारों मजार का निर्माण किया जाना चिंताजनक है। किसी को भी इस तरह से अवैध निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस संबंध में की गयी कार्रवाई का समस्त संत समाज स्वागत करता है।

### इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने किया बैडमि ंटन टूर्नामेंट का आयोजन

हरिद्वार। इंडियन डेंटल एसोसिएशन हरद्विार शाखा ने हरद्विार एवं रुडक़ी के दंत चिकित्सकों का बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन सिटी स्पोट्र्स कंपलेक्स में किया। बैडमिंटन टूर्नामेंट में 40 चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष सिंगल फाइनल के रोमांचक मैच में डॉ. नीरज व महिला एकल में डॉ. आरुषि ने जीत दर्ज की। जबकि पुरुष डबल में डॉ. नीरज , डॉ. गगन और महिला डबल में डॉ. प्रियंका, डॉ. सिंकी ने जीत हासिल की। मिक्स डबल में डॉ. आरुषि व डॉ. आकाश ने जीत दर्ज की। आयोजन में पूर्व मेयर मनोज गर्ग, अंतरराष्ट्रीय शूटर लोकपाल सिंह, आरएसएस के नगर सम्पर्क प्रमुख अमित शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता खिलाडियों को मेडल देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के दौरान डॉ. सुखपा, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. प्रियंका ,डॉ. राहुल , डॉ. कुलदीप , डॉ. तनु , डॉ. विश्वास , डॉ. हिमांशु , डॉ. चांदनी, डॉ. ओसीन आदि उपस्थित रहे।

### केन्द्रीय सशस्त्र बल के पूर्व अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने की बैठक

हरिद्वार। भेल स्थित सीआईएसएफ कैम्प में केन्द्रीय सशस्त्र बल के पूर्व अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से एक बैठक का आयोजन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवाराम चिरोलिया ने की और संचालन एडवोकेट रूप चन्द आजाद ने किया। कर्मचारियों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि हरिद्वार में भी केन्द्रीय सशस्त्र बल के पूर्व केन्द्रीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना वाली डिस्पेंसरी होनी चाहिए। पेंशन को बीस साल के स्थान पर हर पांच साल मे बढ़ाने की मांग की। साथ ही सांतवें वेतनमान का लाभ -2016 से ही लागू करने की मांग की। एसके सैनी, राजीव शर्मा, धर्मपाल सिंह, कमाल सिंह, उत्तम सिंह, राजेन्द्र कुमार, राम सिंह, राज कुमार रवि ,जगराम, मेनपाल सिंह ,राजपाल सिंह, लक्ष्मण सिंह, सुभाष चन्द्र कपूर, प्रेम सिंह, हरेन्द्र सिंह ,एसडी शर्मा, प्रवीर सिंह, जगमोहन सिंह मौजूद रहे।